प्रेस नोट दिनांक 03.01.2025

थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

थाना इज्जतनगर #bareillypolice द्वारा कुल 06 किलो 60 ग्राम गांजा (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1,50,000/- रुपये) व गांजा बिक्री का 33,357/- रुपये नगद बरामद कर दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों एवं मादक पदार्थो की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थ तस्करी पर रोक व सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तार हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक इज्जतनगर बरेली के नेतृत्व में थाना इज्जतनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 03.01.2025 को नगरिया रेलवे क्रासिंग के पास से अभियुक्त 1. देवेन्द्र गंगवार पुत्र राजाराम निवासी ग्राम बहादुरगंज थाना बहेडी जिला बरेली उम्र करीब 25 वर्ष को कुल 4 किलो 20 ग्राम गाँजा तथा 19,257/- रुपये नगद के साथ तथा अभियुक्त 2. नरेन्द्र कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी ग्राम जामन्त रामपुर थाना शीशगढ जिला बरेली उम्र 30 वर्ष को कुल 2 किलो 40 ग्राम गांजा तथा 14,100/- रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया, जिस सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही करते हुए थाना इज्जतनगर पर मु0अ0सं0 09/25 धारा 8/15/29 NDPS ACT पंजीकृत किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद कुल 06 किलो 60 ग्राम गांजा की कीमत लगभग 1,50,000/- रुपये की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। वांछित अभियुक्त सुनील कुमार निवासी सेवा धाम कालोनी कर्मचारी नगर थाना इज्जतनगर, बरेली की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

विवरण पूछताछ

अभियुक्तों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण उपरोक्त गांजा सुनील कुमार निवासी सेवा धाम कालोनी कर्मचारी नगर थाना इज्जतनगर जिला बरेली से खरीदकर उनकी पुडिया बनाकर उन्हें रेलवे स्टेशन/डेलापीर मण्डी सब्जी/फल आदि का सामान लेकर आने वाले ट्रक चालक आदि जो नशे के शौकीन है उनको बेचते हैं तथा गांजे को बिक्री कर जो धन प्राप्त होता है उससे अपना जीविकोपार्जन करते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. देवेन्द्र गंगवार पुत्र राजाराम निवासी ग्राम बहादुरगंज थाना बहेडी जिला बरेली उम्र करीब 25 वर्ष
   बरामदगी – कुल 4 किलो 20 ग्राम गाँजा तथा 19,257/- रुपये नगद

2. नरेन्द्र कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी ग्राम जामन्त रामपुर थाना शीशगढ जिला बरेली उम्र 30 वर्ष
   बरामदगी - कुल 2 किलो 40 ग्राम गांजा तथा 14,100/- रुपये नगद

पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री धनंन्जय कुमार पाण्डेय थाना इज्जतनगर बरेली ।
2. उ0नि0 संजय सिहं थाना इज्जतनगर बरेली
3. उ0नि0 जावेद अली थाना इज्जतनगर बरेली
4. हे0का0 955 सलीम इज्जतनगर बरेली ।
5. का0 218 अनुराग तिवार थाना इज्जतनगर बरेली ।
6. कां0 216 विशाल थाना इज्जतनगर बरेली ।
7. का0 323 धनीश इज्जतनगर बरेली ।
8. का0 1054 राजेश इज्जतनगर बरेली ।